जबलपुर | शुक्रवार | 2 जनवरी 2026 | वर्ष 76 | अंक 329 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

जबलपुर 77 वां वर्ष संस्करण



5 सोने-चांदी की ईंट और कीमती गहने




6 नए वर्ष से कौनसी उम्मीद रखें



7 बीएसएनएल ने यूजर्स को दिया तोहफा



8 एमबाप्पे की चोट से बढ़ी रियल मैड्रिड की मुश्किलें

## एक नजर में




### दिक्कत के बावजूद विमान उड़ाने पर नोटिस

नई दिल्ली. नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने एयर इंडिया के एक पायलट को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. यह नोटिस जून 2025 में एक बोइंग 787 विमान के संचालन को लेकर है. यह विमान जापान और भारत के बीच उड़ रहा था और इसमें कई दिक्कतें थीं. टोक्यो से दिल्ली आ रही फ्लाइट एआई 358 को कोलकाता में डायवर्ट करना पड़ा था. विमान के अंदर का तापमान बहुत ज्यादा बढ़ गया था, जिससे यात्रियों को परेशानी हुई थी. डीजीसीए ने यह नोटिस जारी किया है. नोटिस में कहा गया है कि विमान के संचालन के दौरान खासकर एआई 358 और एआई 357 (दिल्ली-टोक्यो और टोक्यो-दिल्ली) में विमान को डिस्पैच करने, मिनिमम इक्विपमेंट लिस्ट (एमईएल) का पालन करने और फ्लाइट क्रू के फैसले लेने को लेकर गंभीर सुरक्षा चिंताएं सामने आईं.

## गुस्ताखी माफ





# 201 का चल रहा है उपचार

**21** मेडिकल टीमों ने संभाला मोर्चा | **1714** घरों का किया गया सर्वे | **8571** लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 01 जनवरी. भागीरथपुरा में दूषित पानी से बिगड़े हालात के बीच 1 जनवरी को भी स्वास्थ्य विभाग ने पूरे क्षेत्र में मोर्चा संभाले रखा. जिला प्रशासन के निर्देश पर स्वास्थ्य सेवाएं लगातार जारी रहीं. घर घर सर्वे, प्राथमिक उपचार, एम्बुलेंस और अस्पतालों में इलाज की व्यवस्था के बीच पूरे इलाके में विभाग की सक्रियता नजर आई.**

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज 21 टीमें गठित की गईं, जिनमें डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, एएनएम और आशा कार्यकर्ता शामिल रहे. इन टीमों ने क्षेत्र में व्यापक सर्वे किया. आज के सर्वे में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी सहयोग किया. आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर लोगों को उबला हुआ पानी पीने, बाहर का भोजन और बाहर कटे फल न खाने की समझाइश दी गई. प्रभावित क्षेत्र में 7 एम्बुलेंस तैनात की गई हैं. इसके साथ ही चौबीस घंटे की चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गई है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में तुरंत उपचार मिल सके. गंभीर मरीजों को एमवाय अस्पताल और अरविंदो अस्पताल रेफर किया जा रहा है, जबकि बच्चों को चाचा नेहरू अस्पताल भेजा जा रहा है. स्वास्थ्य विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि जो मरीज निजी अस्पतालों में इलाज के लिए जा रहे हैं, वहां भी नि:शुल्क उपचार, जांच और दवाइयां उपलब्ध कराई जाएंगी.



इंदौर. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने आज भागीरथपुरा क्षेत्र का भ्रमण किया और स्थिति का जायजा लिया।

इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी द्वारा संबंधित निजी अस्पतालों को निर्देश दिए हैं. आज 1 जनवरी को 1714 घरों का सर्वे किया, जिसमें लगभग 8571 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई. इनमें से करीब 338 मरीज सामने आए, जिन्हें मौके पर ही प्राथमिक उपचार दिया. अब तक 272 मरीजों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती किया गया है, जिनमें से 71 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं. वर्तमान में 201 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं, जबकि 32 मरीजों की हालत गंभीर होने पर उन्हें आईसीयू में रखा है.

## भागीरथपुरा दूषित पानी कांड: इंदौर में मौत का आंकड़ा 14 तक पहुंचा

भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी पीने से हुई मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. स्वास्थ्य विभाग या किसी भी सरकारी एजेंसी ने अब तक इन मौतों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन स्थानीय स्तर पर सामने आई जानकारी के अनुसार अब तक मृतकों की संख्या 14 तक पहुंच चुकी है. लगातार हो रही मौतों से इलाके में भय और आक्रोश का माहौल है. वहीं स्थानीय नेता घर घर आरओ का पानी बंटवा रहे हैं. भागीरथपुरा और आसपास के क्षेत्रों में दूषित पानी पीने के बाद लोगों की तबीयत बिगड़ने का सिलसिला पिछले कई दिनों से जारी है. उल्टी-दस्त, पेट दर्द और तेज बुखार की शिकायत के बाद बड़ी संख्या में लोग एमवाय अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों में भर्ती हुए. इलाज के दौरान कई लोगों की जान चली गई. स्थानीय सूत्रों और परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार 31 दिसंबर तक 13 लोगों की मौत हो चुकी थी. इसके बाद 1 जनवरी को कुलकर्णी भट्टा क्षेत्र में लक्ष्मण माली के खेत में रहने वाले 43 वर्षीय अरविंद लिखार की मौत का मामला सामने आया है. बताया जा रहा है कि अरविंद ने भी वही पानी पीया था, जिसे इलाके के लोग दूषित बता रहे हैं. उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया. परिजनों का आरोप है कि नलों से बदबूदार और गंदा पानी आने की शिकायतें पहले भी की गई थीं, लेकिन समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया.

# गुवाहाटी से कोलकाता पहली वंदे भारत

- संभवत: 17 या 18 जनवरी को पीएम दिखाएंगे हरी झंडी
- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नए साल में दी जानकारी

**नई दिल्ली, 01 जनवरी (वार्ता) रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को कहा कि देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन असम के गुवाहाटी से पश्चिम बंगाल के बीच चलाई जाएगी.**

वैष्णव ने आज यहां रेल भवन में संवाददाताओं से कहा, नए साल के मौके पर आप लोगों को एक खुशखबरी दे रहा हूं. पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का मार्ग तय कर लिया गया है. यह ट्रेन गुवाहाटी से कोलकाता के बीच चलेगी और प्रधानमनंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द ही इसकी शुभारंभ करेंगे. उन्होंने हालांकि इस ट्रेन की शुभारंभ होने की निश्चित तिथि नहीं बताई, लेकिन यह उम्मीद जताई कि मोदी संभवत: 17 या 18 जनवरी को इस ट्रेन को हरी झंडी दिखा सकते हैं.



इस संबंध में प्रधानमंत्री से बात की गई है और जैसे ही उनकी अनुमति मिलती है, इस ट्रेन से शुरू होने की तिथि घोषित कर दी जाएगी. रेल मंत्री ने कहा कि अत्याधुनिक सुविधाओं से सुज्जित वंदे भारत के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोग जिज्ञासा रखने लगे हैं. लोग यह जानना चाहते हैं कि इस मार्ग पर नयी वंदे भारत शुरू होने वाली है. उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में जो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चल रही हैं, वो सभी चेयरकार है और काफी समय से लोग स्लीपर वंदे भारत ट्रेन चलाने की मांग कर रहे थे. उन्होंने कहा कि एक साल तक सुरक्षा मानकों से विभिन्न पहलुओं को गंभीरता से परीक्षण करने के बाद रेलवे ने अब देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के मार्ग का चयन कर लिया है और यह ट्रेन असम में गुवाहाटी से पश्चिम बंगाल के कोलकाता के बीच चलेगी.

### 15 अगस्त 2027 को शुरू होगी बुलेट

उधर बुलेट ट्रेन को लेकर रेलमंत्री ने कहा कि यह 15 अगस्त 2027 को शुरू होगी. सबसे पहले सूरत से बिलिमोरा तक का सेक्शन खुलेगा. उसके बाद वापी से सूरत तक खुलेगा. फिर वापी से अहमदाबाद तक खुलेगा और उसके बाद ठाणे से अहमदाबाद तक चलाई जाएगी.

# बांग्लादेश में एक और हिंदू को जिंदा जलाने की कोशिश

- चाकुओं से गोदकर युवक पर डाला पेट्रोल
- दो हफ्ते में चार बार हिंदुओं पर हो चुके हैं हमले

**ढाका, 01 जनवरी.** बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है. यहां एक बार फिर नफरत ने जान लेने की कोशिश की. शरीयतपुर इलाके में खोकन चंद्र नाम के एक हिंदू शख्स को भीड़ ने घेर लिया. पहले बेरहमी से उसे पीटा. फिर चाकू से वार किया. इसके बाद पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की कोशिश हुई. आखिरी पल में व्यापारी खोकन चंद्र ने पास के तालाब में छलांग लगाकर अपनी जान बचाई, लेकिन यह हमला एक बार फिर बताता है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार किस हद तक पहुंच चुका है.



# सीएम ने नए साल में छोटे दुकानदारों को दी सौगात

- छोटे दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में अनावश्यक निरीक्षणों पर रोक
- दुकान एवं स्थापना अधिनियम में महत्वपूर्ण संशोधन

**भोपाल, 01 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दिशा निर्देशों के अनुसार मध्यप्रदेश शासन श्रम विभाग द्वारा मध्य प्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 में महत्वपूर्ण संशोधन किया गया है.**



यह संशोधन राज्य में इज ऑफ डुईंग बिजनेस को बढ़ावा देने तथा दुकानदारों एवं प्रतिष्ठान संचालकों पर अनुपालन का अनावश्यक भार कम करने के उद्देश्य से किया गया है. संशोधन के अंतर्गत अब ऐसी दुकानें एवं संस्थान, जिनमें 20 से कम कर्मचारी कार्यरत हैं, उनके यहां श्रम निरीक्षकों द्वारा निरीक्षण केवल राज्य सरकार की पूर्व अनुमति से ही किया जा सकेगा. इससे अनावश्यक निरीक्षणों पर रोक लगेगी. श्रम विभाग के अपर सचिव बसंत कुर्रे ने बताया है कि इस निर्णय से छोटे दुकानदारों एवं उद्यमियों को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलेगी. साथ ही दुकानदारों में स्व-अनुपालन की भावना को प्रोत्साहन मिलेगा. व्यापार एवं रोजगार सृजन के लिए अनुकूल वातावरण विकसित होगा. इससे समय, संसाधन एवं लागत की बचत होगी. मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा छोटे दुकानदारों के प्रति संवेदनशीलता बरती जा रही है. श्रम विभाग ने सभी दुकानदारों, व्यापार संघों एवं उद्यमियों से अपेक्षा की है कि वे श्रम कानूनों का स्वेच्छा से पालन करें और इस सकारात्मक सुधार का लाभ उठाकर अपने व्यवसाय का विस्तार करें.

# स्विट्जरलैंड के बार में धमाके से 40 की मौत

**100** से ज्यादा हादसे में घायल हुए लोग

**1.30** बजे रात हुआ धमाका



**जिनेवा, 01 जनवरी (वार्ता) दक्षिण-पश्चिमी स्विट्जरलैंड के वैलेस कैंटन में कैंन्स-मोंटाना स्की रिसॉर्ट की एक बार में नएसाल की पार्टी के दौरान धमाका हो गया. इस दौरान कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई और 1 अन्य लोग घायल हो गए.**

रेडियो टेलीविजन सुइस ने वैलेस कैंटोनल पुलिस का हवाला देते हुए बताया कि धमाका स्थानीय समय अनुसार रात करीब 1.30 बजे हुआ, जिसके बाद बार में आग लग गई. घटना की जानकारी मिलने के तत्काल बाद आपातकालीन दल मौके पर पहुंच गए थे.

## आतंकियों की मदद करने वाले दो गिरफ्तार

**श्रीनगर, 01 जनवरी.** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गांदरबल जिले में दो आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है. ऑपरेशन के दौरान हथियार, गोला-बारूद और 8 लाख 40 हजार 500 नकद बरामद किए है. यह कार्रवाई पुलिस स्टेशन गांदरबल ने स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप के साथ मिलकर गुंडरेहमान पुल के पास की. रूटीन नाका चेकिंग के दौरान एक लोड कैरियर चार पहिया वाहन को रोका गया. वाहन की तलाशी में एक चीनी पिस्तौल, एक पिस्तौल मैगजीन, चार पिस्तौल राउंड, चार हैंड ग्रेनेड और नकद बरामद हुए.

उपलब्धि | इकोनॉमी के मोर्चे पर भारत का बजा डंका, 8 .2 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ी रियल जीडीपी

# जापान को पछाड़ चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना भारत

**नई दिल्ली, 01 जनवरी. भारत के लिए आर्थिक मोर्चे पर बड़ी खबर आई है. भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है. सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने जापान को पीछे छोड़ते हुए यह मुकाम हासिल किया है. इसके साथ ही भारत के अगले ढाई-तीन वर्षों में जर्मनी को पछाड़कर तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने की उम्मीद बढ़ गई है.**

मोदी सरकार की तरफ से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, भारत अब 4.18 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है. इस वक्त अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी और चीन दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है. वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारत की रियल जीडीपी ग्रोथ 8.2 प्रतिशत रही है, जो पिछली तिमाहियों के मुकाबले काफी बेहतर है.



पहली तिमाही में 7.8 फीसदी और पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 7.4 प्रतिशत की ग्रोथ दर्ज की गई थी. यह ग्रोथ दिखाती है कि वैश्विक उथल-पुथल के बावजूद भारतीय इकोनॉमी न सिर्फ स्थिर है बल्कि तेजी से आगे बढ़ रही है. भारत पहले से दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है. भारतीय इकोनॉमी की इस ग्रोथ में निजी खपत और मजबूत घरेलू मांग का बड़ा हाथ है. सरकार का कहना है कि देश में बेरोजगारी दर में गिरावट आ रही है और महंगाई भी नियंत्रण के दायरे में बनी हुई है.




| कुल प्राप्य प्रीमियम | विलंब शुल्क में % रियायत | अधिकतम रियायत उपलब्ध** |
|---|---|---|
| ₹ 1,00,000 तक | 30% | ₹ 3,000 |
| ₹ 1,00,001 से ₹ 3,00,000 तक | 30% | ₹ 4,000 |
| ₹ 3,00,001 व अधिक | 30% | ₹ 5,000 |

धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. **जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.**